(ख) यदि हां, तो इस बढ़ोतरी को देखते हुए क्या सरकार वहां चीनी की मिल खोलने का विचार कर रही है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अ० म० थामस): (क) इन जिलों में गन्ने की उपज में कुछ वृद्धि हुई है ।

(ख) और (ग). कोटा, बूंदी क्षेत्रों में शर्करा कारखाने स्थापित करने के लिये भिन्न भिन्न पार्टियों से पांच आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जो कि इस समय सरकार के विचाराधीन हैं । इन आवेदन-पत्रों पर शीघ्र ही निर्णय लिया जावेगा ।

दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन-घर

१३६७. **श्री ओंकार लाल `रवा :**
श्री गोकरन प्रसाद :

क्या **डाक और तार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में जनता की सुविधा के लिये सार्वजनिक टेलीफोन लगाये गये हैं

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है ; और

(ग) १९६२ में इनसे कितनी आमदनी हुई ?

डाक और तार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) जी हां ।

(ख) ३६४.

(ग) ३,३३,५६५ रुपये ।

भारत-मंगोलिया टेलीफोन सेवा

१३६८. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री गोकरन प्रसाद :

क्या **डाक और तार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत व मंगोलिया के बीच टेलीफोन सेवा चालू कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो किस समय (भारतीय समय के अनुसार) यह सेवा उपलब्ध होगी ; और

(ग) इसके निर्माण में कितना रुपया व्यय किया गया है ?

डाक और तार विभाग में उपमंत्री (श्री भगवती) (क) जी हां। ९ सितम्बर, १९६३ से मास्को होते हुए भारत और मंगोलिया के बीच एक रेडियो-टलीफोन सेवा आरंभ की गयी है ।

(ख) यह सेवा सप्ताह के सभी कार्य-दिवसों पर भारतीय समय के अनुसार १६.०० से १८.३० बजे तक उपलब्ध होती है और रविवार को बन्द रहती है ।

(ग) क्योंकि यह सेवा भारत और रूस के बीच, पहले से विद्यमान सीधी रेडियो-टेलीफोन सेवा को मंगोलिया तक बढ़ा कर स्थापित की गयी है, इसलिए कोई अतिरिक्त व्यय नहीं करना पड़ा ।

पूर्वी तथा पश्चिमी पाकिस्तान को रेल द्वारा मिलाना

१३६९. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री यशपाल सिंह :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान को रेल द्वारा भारत से होकर मिलाने के बारे में जो वार्ता चल रही थी, वह इस समय किस अवस्था में है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : रावलपिंडी में १६ से १८ नवम्बर, १९६० की बैठक में भारत और पाकिस्तान के प्रतिनिधि मण्डल जिन मुद्दों